# हरियाणा विधान सभा

## सातवां सत्र (अगस्त सत्र 2026)

## अतारांकित प्रश्न

## 31 अगस्त 2026

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### जल निकासी की समस्या का समाधान करना

41 **श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या जुलाना—शादीपुर मुख्य बाजार में जल निकासी की समस्या का समाधान करने के लिए तैयार किए गए अनुमानों को स्वीकृत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;यदि हां, तो उपरोक्त अनुमानों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है; तथा
(ख) यदि नहीं, तो उपरोक्त अनुमानों को स्वीकृत करने में देरी के कारण क्या हैं?

----

### सड़क का निर्माण कार्य पूरा करना

42 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि करनाल में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की मेरठ सड़क से अंसल टाउन होते हुए जी.टी. रोड तक वाया अंसल टाउन प्रस्तावित सड़क का निर्माण

कार्य अभी लंबित है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि प्रस्तावित सड़क संरेखण के एक भाग पर अवैध भवन के होने के कारण उपरोक्त सड़क के एक तरफ का निर्माण कार्य कई वर्षों से लंबित है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त अवैध निर्माण/अतिक्रमण को हटाने तथा शेष सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## लिफ्ट का चौबीसों घंटे संचालन सुनिश्चित करने बारे

43 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) नागरिक अस्पताल, करनाल में वर्तमान में उपलब्ध आपातकालीन सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अस्पताल के आपातकालीन विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, प्रयोगशाला, एक्स-रे, सी.टी. स्कैन, ब्लड बैंक तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की (चौबीसों घंटे) सेवाएं उपलब्ध हैं; यदि नहीं, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि अस्पताल की लिफ्ट रात्रि के समय नियमित रूप से संचालित नहीं की जाती है, जिससे गंभीर रोगियों, गर्भवती महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों को असुविधा होती है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा रात्रि के समय लिफ्ट का संचालन सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी अधिकारी का ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या नागरिक अस्पताल, करनाल में लिफ्ट का (चौबीसों घंटे) संचालन सुनिश्चित करने तथा रोगियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए आवश्यक तकनीकी एवं मानव संसाधनों को उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## परिवहन नगर/हब विकसित करना

44 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि करनाल में बड़ी संख्या में माल परिवहन संचालकों के पास

वाहनों की पार्किंग के लिए कोई स्थायी एवं व्यवस्थित स्थान नहीं है तथा उन्हें शहर के विभिन्न स्थानों पर इधर-उधर अपने वाहन खड़े करने पड़ते हैं, परिणामस्वरूप यातायात, पार्किंग तथा कानून व्यवस्था की समस्याएं उत्पन्न होती हैं;

(ख) क्या माल परिवहन संचालकों के लिए एच.एस.आई.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र, सेक्टर-37, करनाल में एक अलग परिवहन नगर/परिवहन हब विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल, अनुमानित लागत क्या है तथा उपरोक्त परियोजना को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो उसके  कारण क्या हैं?

----

## राजकीय विश्वविद्यालय स्थापित करना

45 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला नूंह में राजकीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा चयनित स्थल का ब्यौरा क्या है?

----

## नवनिर्मित यूनानी चिकित्सा महाविदयालय का उद्घाटन करना

46 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला नूंह के गांव आकेड़ा में नवनिर्मित यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बाजारों में अतिक्रमण हटाना

47 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य के प्रत्येक जिले में नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के अधीन आने वाले बाजारों में अतिक्रमण रोकने के लिए उत्तरदायी अधिकारियों का पद-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त बाजारों में अतिक्रमण के कारण बार-बार यातायात जाम तथा आम जनता के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है; यदि हां, तो नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने के अभियान न चलाए जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत विद्यार्थियों तथा युवाओं की संख्या

48 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) उम्मीदवारों की जिला-वार, वर्ष-वार, योग्यता-वार (वरिष्ठ माध्यमिक, स्नातक तथा स्नातकोत्तर) तथा गांव-वार संख्या कितनी है जिन्होंने जनवरी, 2020 से जून, 2026 की अवधि के दौरान राज्य में रोजगार कार्यालयों में अपना पंजीकरण करवाया है तथा, उक्त अवधि के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) राज्य में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत उम्मीदवारों को रोजगार प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा अपनाई गई नीति एवं तंत्र का ब्यौरा क्या है?

----

## नई पुलिस चौकी खोलना

49 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या जिला कैथल के गांव भाणा में नई पुलिस चौकी खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त पुलिस चौकी के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## एम.पी.ए.सी.एस. भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति

**50 श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) पुंडरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव पाई में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (एम.पी.ए.सी.एस.) के भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उपरोक्त भवन का निर्माण कार्य अभी तक शुरू न किए जाने के कारण क्या हैं;

(ग) उपरोक्त परियोजना के संबंध में सरकार द्वारा जारी प्रशासनिक स्वीकृति, वित्तीय स्वीकृति तथा कार्य

आदेश का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उपरोक्त भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## नए पटवार खाना भवन निर्माण करना

51 **श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या ढांड तहसील में नए पटवार खाना भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां,तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## ब्लू बर्ड झील का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण करना

52 **श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या विरासत एवं पर्यटन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या हिसार स्थित ब्लू बर्ड झील के नवीनीकरण तथा सौंदर्यीकरण करने तथा इसे आधुनिक पार्क के रूप में विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## नए बस अड्डा का निर्माण करना

53 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत जिला पलवल के होडल में लगभग 40 कनाल 12 मरला भूमि पर नया बस अड्डा निर्माण करने की परियोजना को स्वीकृत किया गया है; यदि हां, तो उपरोक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या वास्तु संबंधी ड्राइंग तथा अन्य अपेक्षित स्वीकृतियां प्राप्त कर ली गई हैं;

(ग) क्या उपरोक्त परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू/पूरी कर ली गई है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो नए बस अड्डे की निविदा प्रक्रिया कब तक पूरी किए जाने की संभावना

है तथा उसका निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## हसनपुर को नगर पालिका के रूप में घोषित करना

**54 श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि हसनपुर की जनसंख्या लगभग 25,000 है तथा ग्राम पंचायत ने हसनपुर को नगर पालिका के रूप में घोषित करने के लिए प्रस्ताव पारित करके सरकार को भेजा है; यदि हां,तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) क्या जनहित में हसनपुर को नगर पालिका घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों का ब्यौरा

**55 श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) वर्ष 2025 के दौरान राज्य में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की जिला-वार संख्या कितनी है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों की जिला-वार संख्या कितनी है; तथा

(ख) क्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के पंजीकरण न करवाने के कारणों का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा कोई सर्वेक्षण करवाया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सरकारी भवनों का अग्नि सुरक्षा निरीक्षण पूरा करना

**56 श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) राज्य में हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म वाहनों तथा अग्निशमन वाहनों की जिला-वार उपलब्धता क्या है; तथा

(ख) क्या राज्य में सभी सरकारी भवनों का अग्नि सुरक्षा निरीक्षण विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है; यदि नहीं, तो उपरोक्त निरीक्षण कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## जिला न्यायालयों में आवश्यक संरचना उपलब्ध करवाना

57 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) 30 जून, 2026 के अनुसार राज्य के जिला न्यायालयों में लंबित मामलों की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ख) 30 जून,2026 तक राज्य के जिला न्यायालयों तथा विशेष न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या तथा वर्तमान कार्यरत संख्या जिला-वार कितनी है; तथा

(ग) न्यायालय कक्ष,रिकॉर्ड कक्ष,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं तथा कंप्यूटर इत्यादि सहित भौतिक संरचना की जिला-वार उपलब्धता एवं आवश्यकता का ब्यौरा क्या है तथा आवश्यक संरचना कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## रिक्त पदों को भरना

58 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य के सहकारी बैंकों में ग्रुप 'क',ग्रुप 'ख',ग्रुप 'ग' तथा ग्रुप 'घ' पदों पर कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या तथा वर्तमान कार्यरत संख्या कितनी है; तथा

(ख) उपरोक्त बैंकों में रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## लिंगानुपात का ब्यौरा

59 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य में वर्ष 2019 से प्रत्येक वर्ष जन्म के समय जिला-वार लिंगानुपात क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2019 से अधिकांश वर्षों में जन्म के समय लिंगानुपात में गिरावट आई है; यदि हां, तो उक्त गिरावट को रोकने तथा स्थिति को बदलने के लिए सरकार द्वारा क्या विशेष उपाय किए जा रहे हैं;

(ग) क्या हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (HSCPCR) में अध्यक्ष का पद तथा छह सदस्य के पद वर्तमान में रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो वर्ष 2014 से रिक्त पड़े प्रत्येक पद की अवधि सहित पद-वार ब्यौरा क्या है तथा रिक्तियों को भरने में देरी के कारण क्या हैं तथा प्रत्येक पद के कब तक भरे जाने की संभावना है;

(घ) क्या आयोग की कोई विशेष रूप से विकसित तथा कार्यशील आधिकारिक वेबसाइट है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

(ङ) क्या बच्चों, पीड़ितों, उत्तरजीवियों, गैर-सरकारी संगठनों तथा अन्य हितधारकों के लिए आयोग से संबंधित संपर्क विवरण, हेल्पलाइन नंबर तथा शिकायत निवारण संबंधी जानकारी सार्वजनिक रूप से एवं आसानी से उपलब्ध है; यदि नहीं, तो ऐसी सुगम्यता को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

**सड़क दुर्घटनाओं का ब्यौरा**

60 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) वर्ष 2019 से राज्य के राज्य राजमार्गों तथा जिला सड़कों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं, मृतकों तथा घायलों की जिला-वार एवं वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2019 से राज्य में सरकार द्वारा चिन्हित एवं ठीक किए गए दुर्घटना संभावित स्थानों की जिला-वार एवं वर्ष-वार संख्या कितनी है; तथा

(ग) वर्ष 2019 से राज्य में संबंधित सरकारी योजनाओं के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों अथवा उनके परिवारों को सरकार द्वारा वितरित मुआवजे का जिला-वार एवं वर्षवार ब्यौरा क्या है?

----

**मानसरोवर पार्क का नवीनीकरण तथा विकास करना**

61 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या मानसरोवर पार्क , रोहतक का नवीनीकरण तथा विकास करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उपरोक्त पार्क में पुराने पैदल पथ को बदलने/नवीनीकरण करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या उपरोक्त पार्क में स्थित शहीदी स्मारक के नवीनीकरण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बस अड्डे की खाली भूमि पर किसी भवन या पार्किंग का निर्माण करना

62 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या बावल के पुराने बस अड्डे की 3 एकड़ खाली भूमि पर किसी भवन या पार्किंग सुविधा इत्यादि का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## रसायन युक्त अपशिष्ट जल की निकासी करना

63 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या बावल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव आसलवास, पातूहेड़ा, बगथला तथा ड्योढ़ई में विभिन्न कारखानों से आ रहे रसायन युक्त अपशिष्ट जल की निकासी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त दूषित अपशिष्ट जल के निस्तारण का कार्य कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## सड़क को चौड़ा करना

64 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या बावल—प्राणपुरा सड़क को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका निर्माण कार्य कब तक शुरू और पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सड़कों का निर्माण करना

65 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या पेहोवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः—

(i) पेहोवा से गांव मंगना तक वाया धुलगढ़;

(ii) गांव गुलडेहरा से स्योंसर तक;

(iii) गांव मंडी से झांसा तक;

(iv) गांव गुमथला गढू से पुराने एन.एच.-65 पर चावला होटल तक वाया गारू मंदिर;

(v) गांव कराह साहिब से अडोया तक;

(vi) गांव अजित नगर से पिपली प्लॉट तक; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## सड़क का निर्माण कार्य शुरू करना

66 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव लूला अहीर के जलघर से भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय तक का रास्ता अभी भी कच्चा है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों तथा दैनिक यात्रियों को असुविधा होती है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रास्ते को पक्का करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ग) उपरोक्त रास्ते का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## नर्सिंग महाविद्यालय की कक्षाएं शुरू करना

67 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव सहादत नगर में एक नर्सिंग महाविद्यालय का उद्घाटन किया जा चुका है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त नर्सिंग महाविद्यालय में कक्षाएं कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## सहायक सड़क का पुनर्निर्माण करना

68 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली फ्लाईओवर की सहायक सड़क जीर्ण-शीर्ण एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सर्विस रोड का पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोलना

69 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि लगभग 3,000 की आबादी होने के बावजूद गांव भाकली-2 की शिव कॉलोनी में सरकार द्वारा कोई राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्थापित नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि बच्चों को लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विद्यालय में जाने के लिए रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है;

(ग) यदि हां, तो शिव कॉलोनी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(घ) उपरोक्त राजकीय प्राथमिक विद्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने के लिए सिफारिश

70 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सरकार ने राज्य में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने के लिए भारत सरकार को कोई प्रस्ताव या अनुरोध भेजा है; यदि हां, तो

उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क का निर्माण कार्य पूरा करना

71 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि राजौंद कस्बे से होकर गुजरने वाली कैथल—असंध सड़क के निर्माण कार्य में देरी हुई है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उक्त कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक शुरू और पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) की वर्तमान स्थिति

72 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) कलायत विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बालू/बाता तथा मटौर में प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त प्रत्येक एस.टी.पी. के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## स्टेडियम का सुधार एवं नवीनीकरण करना

73 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) झज्जर शहर में स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती स्टेडियम, जिसे पहले बाग झौरा स्टेडियम के नाम से जाना जाता था, के सुधार एवं नवीनीकरण करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(ख) क्या स्टेडियम में जलभराव तथा अन्य कमियों के संबंध में स्थायी सुधारात्मक उपाय करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## महाविद्यालयों के भवनों का नवीनीकरण करना

74 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर, राजकीय महाविद्यालय, मातनहेल तथा राजकीय महाविद्यालय, बिरोहर के भवनों के सुधार/ नवीनीकरण करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(ख) उपरोक्त प्रत्येक महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## पेयजल की समस्या का समाधान करना

75 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल कस्बे में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति उपलब्ध न होने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए जल कैंपरों एवं टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है तथा गर्मी के मौसम में पेयजल की गंभीर कमी उत्पन्न हो जाती है;

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) बहल कस्बे में वर्तमान में लागू पेयजल आपूर्ति की निर्धारित समयसारणी क्या है; तथा

(घ) सरकार द्वारा उपरोक्त समस्या का स्थायी समाधान कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## बाईपास का निर्माण करना

76 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल कस्बे में बाईपास न होने के कारण बस अड्डा क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या बनी रहती है;

(ख) क्या बहल-तोशाम मोड़ से बाईपास का निर्माण करने तथा बस अड्डा क्षेत्र के दोनों ओर लगभग दो किलोमीटर की दूरी तक डिवाइडर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(घ) उपरोक्त कार्यों का निर्माण कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सीवरेज प्रणाली परियोजना को पूरा करना

77 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि बहल कस्बे में सीवरेज प्रणाली स्थापित करने की मांग कई वर्षों से लंबित है तथा वर्तमान सीवरेज परियोजना का कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि परियोजना में प्रयोग किए जा रहे सीवरेज पाइप निर्धारित आवश्यकता से कम क्षमता वाले हैं; यदि हां, तो इस संबंध में विभाग द्वारा किए गए परीक्षणों तथा कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) उपरोक्त परियोजना के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## उप-तहसील के नए भवन का निर्माण करना

78 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या बहल उप-तहसील के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या उक्त भवन के निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है; तथा

(घ) उक्त भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## बहु-स्तरीय पार्किंग-सह-वाणिज्यिक परिसर का निर्माण करना

79 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या रोहतक के अर्बन एस्टेट में (नगर निगम, रोहतक द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से) विकसित किए गए बहु-स्तरीय पार्किंग-सह-वाणिज्यिक परिसर का निर्माण कार्य (जिसमें पीछे एवं सामने छोड़ी गयी निर्धारित दूरी भी शामिल हैं) स्वीकृत ड्राइंग, संरचनात्मक डिजाइनों तथा स्वीकृत भवन योजनाओं के अनुसार किया गया है;

(ख) उक्त परियोजना की स्वीकृत साइट प्लान, फ्लोर प्लान, लेआउट प्लान, अंतिम पूर्णता/निर्माणोपरांत ड्राइंग, प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर.एफ.पी.) तथा नगर निगम, रोहतक तथा चयनित बोलीदाता/रियायतग्राही के बीच निष्पादित रियायत अनुबंध, आशय-पत्र (एल.ओ.आई.) तथा उस बोलीदाता/रियायतग्राही/कंपनी, जिसे उक्त कार्य/विकास परियोजना आवंटित की गई है, की प्रति दी जाए;

(ग) क्या यह सरकार के संज्ञान में आया है कि कंपनी द्वारा उक्त पार्किंग परिसर के निर्माण में नियमों से हटकर काम, संरचनात्मक कमियां तथा प्रक्रियात्मक अनियमितताएं की गई हैं; तथा

(घ) क्या यह तथ्य है कि उक्त परियोजना में दुकानों को प्रवर्तन निदेशालय (भारत सरकार) द्वारा कुर्क (अटैच) किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बहु-स्तरीय पार्किंग-सह-वाणिज्यिक पार्किंग का निर्माण करना

80 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या रोहतक के पुराने पुलिस स्टेशन पर (नगर निगम, रोहतक द्वारा पी.पी.पी. मोड के अंतर्गत) विकसित किए गए बहु-स्तरीय पार्किंग-सह-वाणिज्यिक परिसर का निर्माण कार्य स्वीकृत ड्राइंग, संरचनात्मक डिजाइनों तथा स्वीकृत भवन योजनाओं के अनुसार सख्ती से किया गया है;

(ख) उक्त परियोजना की स्वीकृत साइट प्लान, फ्लोर प्लान, लेआउट प्लान, अंतिम पूर्णता/निर्माणोपरांत ड्राइंग, प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर.एफ.पी.) तथा नगर निगम, रोहतक और चयनित बोलीदाता/रियायतग्राही के बीच निष्पादित रियायत अनुबंध, साथ ही आशय पत्र (एल.ओ.आई.) सहित उस बोलीदाता/रियायतग्राही/कंपनी, जिसे उक्त कार्य/विकास परियोजना आवंटित की गई है, का पूरा ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सरकार के संज्ञान में आया है कि कंपनी द्वारा उक्त पार्किंग परिसर के निर्माण में विचलन, संरचनात्मक दोष तथा प्रक्रियात्मक अनियमितताएं की गई हैं; तथा

(घ) क्या यह तथ्य है कि उक्त परियोजना में दुकानों को प्रवर्तन निदेशालय (भारत सरकार) द्वारा कुर्क (अटैच) किया गया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----